## संक्षिप्त

### आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज वर्मा के द्वारा अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान दूनी थानाधिकारी विजय सिंह के दौराने गश्त राजमहल छतरी चोराहा से अवैध बजरी खनन व परिवहन में एक ट्रेक्टर मय ट्राली चालक परमेश्वर पुत्र राम सिंह जाति मीणा उम्र 22 साल निवासी रूपारेल थाना देवली जिला टोंक को गिरफ्तार किया। ट्रेक्टर की ट्रोली में बनास की बजरी वजन करीब 5 टन भरे होना पाया गया।

### प्लेसमेन्ट शिविर आयोजित

**टोंक।** राजकीय महाविद्यालय टोंक के नवाचार प्रकोष्ठ व एन.आई.आई.टी के तत्वाधान में प्लेसमेन्ट शिविर आयोजित किया गया। नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि प्राचार्य लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में यह आयोजन दो चरणों में सम्पन्न हुआ, जिसके प्रथम चरण में विधार्थियों को बैंक में भाषा विभिन्नता को लेकर आने वाली समस्या को लेकर चर्चा की गई तथा दूसरे चरण में प्राचार्य, प्रोफेसर रेणू, मो. बाखिर हुसैन, डा. अभिलाषा जैन व प्लेसमेन्ट शिविर के हेड सोनू श्रीवास्तव ने साक्षात्कार लिये। जिन विधार्थियों का चयन महाविद्यालय स्तर पर किया गया है, उनको ई-मेल के माध्यम से सूचनाएँ प्रेषित कर दी जायेगी।

### यूनियन का गठन किया

**दूदू।** प्रदेश जनता जल योजना श्रमिक यूनियन राजस्थान जिला शाखा दूदू की बैठक सहायक अभियंता कार्यालय सभागार में हुई अध्यक्षता अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के जिला अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष घासीराम जाट के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक के दौरान यूनियन का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार कुमावत महामंत्री भागचंद बंसीवाल कोषाध्यक्ष बृजमोहन वेस्ट उपाध्यक्ष पोलूराम बलाई उपाध्यक्ष रामचंद्र बावडी रतन चौधरी शिवजी राम जाखड कैलाश मीणा संगठन मंत्री नारायण निमली रामधन जाट बजरंग जोशी हमीद मोहम्मद शाहिद कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से गठन किया गया।

# लाइटों से जगमग होगा पावटा कस्बे से गुजरने वाला जयपुर-दिल्ली राजमार्ग

**पावटा।** नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड के द्वारा दिये गए निर्देशों व प्रयासों से पावटा कस्बे से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 अब दूधिया रोशनी से जगमग होगा।

इसके लिए पावटा, प्रागपुरा क्षेत्र से गुजरने वाले हाइवे पर डिवाइडर पर लाइट लगाई जा रही है। कई सालों से पावटा, प्रागपुरा क्षेत्र से गुजरने वाला हाइवे संख्या

■ नव निर्वाचित विधायक धनखड के प्रयास लाये रंग

48 अंधेरे में डूबा हुआ था। अब महानगरों की तरह रात्रि में लाइटों से रोशन होगा। उल्लेखनीय है कि पावटा शहर से गुजरने वालें हाइवे संख्या 48 दिल्ली तथा जयपुर सहित अन्य शहरों को जोडता है। इस पर भारी यातायात को देखते हुए भी कई वर्षों से एनएचएआई की ओर से लाइट नहीं लगाई गई। इस कारण यह हाइवे अंधेरे में डूबा हुआ है। इस कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। इसे देखते हुए ही लाइट लगाई जा रही है। अंधेरा होने के कारण पावटा सीएचसी कट सहित कई जगह पर रात्रि के समय कई बार हो दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाईवे पर लाइट ना होने कारण दिल्ली से आने वाले वाहन जब लाइओवर से आते हैं तो उनकी स्पीड तेज होती है। जिस कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। पावटा सीएचसी कट के पास वाहनों की क्रॉसिंग होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका काफी हद तक बढ जाती है। ऐसे में रोशनी होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। वही काफी सालों से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पावटा कस्बे मे सर्विस रोड की सडको पर बने गड्ढे से दुकानदारो व वाहन चालको सहित राहगीरो को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वही नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड के निर्देशो पर एनएचएआई अधिकारियों द्वारा टूटा व गड्ढा युक्त सर्विस रोड की खुदाई शुरू कर सर्विस रोड की सडको पर बने गड्ढे से दुकानदारो व वाहन चालको सहित राहगीरो को समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।


हाईवे पर नई लाइटे लगने से रात्रि को आवाजाही में आसानी होने लगी है।

### कपड़े के व्यापारी का शव बरामद

**दौसा।** जिले के बांदीकुई उपखंड क्षेत्र में कपड़े के एक व्यापारी का सब नदी में एक पेड पर संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मिला। कपडे के व्यापारी का शव नदी मे पेड पर संदिग्ध अवस्था में लटके मिलने की सूचना पर कस्बे में सनसनी में फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर बांदीकुई थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को पेड से उतार कर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। व्यापारी कपडे की दुकान बंद करने के बाद निकला दुकानदार घर नहीं पहुंचा। गुरुवार सुबह शव पर पेड पर लटका मिलने की सूचना मिली।

पुलिस ने बताया कि कपडे के व्यापारी भगवान सहाय सैनी का शव गुरुवार सुबह कलाली के बास (बांदीकुई) के पास नदी में पेड पर लटका मिला। जो सिकंदरा में दौसा वाली ढाणी का रहने वाला था। रोजाना की तरह बांदीकुई के बडीयाल में कपड़े की दुकान पर गया था। जहां से बुधवार शाम को दुकान बंद करने के बाद निकला था। जो देर रात तक घर नहीं पहुंचा था। गुरुवार सुबह रास्ते में पेड पर शव लटका मिला। जिसकी सूचना एक चरवाहे ने दी। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से शव को पेड से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। शिनाख्ती के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी। वहीं मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शो परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## सार-समाचार

### हादसे में पिता पुत्र की मौत



**राजगढ़।** अलवर मार्ग पर ढिगांवडा गांव के पास क्रेटा चालक ने तेजी पर लापरवाही से बाइको को टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता पुत्र की मौत हो गई एवं दो लोग गंभीर घायल हों गये। कोठी नारायणपुर पुलिस चौकी के प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि ढिगांवडा गांव से आगे अलवर मार्ग पर क्रेटा चालक ने तेजी एवं लापरवाही से दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में जीरावली का बास निवासी देवी सहाय बैरवा 52 वर्ष एवं उसका पुत्र सुभाष बैरवा, नीमडी वाला प्यारेलाल गुर्जर एवं खुवी राम गंभीर घायल हों गये। इनको मौके से एंबुलेंस की मदद से अलवर रैफर कर दिया। गंभीर घायल देवी सहाय बैरवा उसके पुत्र सुभाष बैरवा की अलवर में मौत हो गई। इस हादसे की सूचना पाकर जीरावली काबास मेंशोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरवरी माह में देवी सहाय बेरवा के घर में विवाह समारोह आयोजित होना था।

### धरना प्रदर्शन आज

**टोंक।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा संसद के दोनों सदनों के विपक्ष से 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा आज प्रातः 11:00 बजे गांधी पार्क टोंक में जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में धरना देकर घण्टाघर चौराहा टोंक पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सांसद, टोंक जिले के वर्तमान विधायक प्रत्याशी, ए.आई.सी.सी., पी.सी.सी. सदस्य गण, जिला प्रभारी संगठन, विधानसभा प्रभारी संगठन, नगर निकाय तथा पंचायती राज संस्थान के जन प्रतिनिधि गण, ब्लॉक अध्यक्ष गण, मण्डल अध्यक्ष, अग्रिम संगठन प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सहित समस्त कांग्रेस जन भाग लेगें।

### स्वच्छ मिशन का कार्यक्रम आयोजित

**चाकसू (निस)** चाकसू कस्बे में निमोडिया रोड स्थित शिक्षण संस्थान अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी स्कूल में गुरुवार को नगर पालिका चाकसू द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में क्लीन टॉयलेट कैंपियन और विशेष सफाई अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। एकेडमी के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में सामूहिक हिस्सा लिया गया। स्कूल प्रबंधन भवानी सिंह ने बताया कि नगर पालिका द्वारा हमारे स्कूल को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया। स्वस्थ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत बच्चों में साफ सफाई को लेकर काफी कुछ सीखने के दौरान जागरूक हुए। नाटक के द्वारा बच्चों को साफ सफाई के लिए जागरूक कर सफाई व्यवस्था का संदेश दिया। स्कूल निर्देशक सुरज्ञान सिंह बडोदिया ने जागरूक नाटक समूह का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भौतिक सत्यापन जरुरी

**दूदू।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा प्रोजेक्ट सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को वर्ष 2024 के लिए 31 दिसंबर तक भौतिक सत्यापन करवाना आवश्यक है अधिकारी हेमलता बासनवाल ने बताया कि पेंशन धारक भौतिक सत्यापन ई मित्र राजीव गांधी सेवा केंद्र ए ड्राइंग मोबाइल ऐप पर करवा सकते हैं सत्यापन नहीं होने पर विकास अधिकारी के सामने व्यक्तिगत रूप से भी उपस्थित होकर करवा सकते है साथ ही पालनहार योजना का भी दिसंबर तक सत्यापन करवायें जिले में करीब 601 बच्चों का सत्यापन नहीं हो पाया है के कारण सहायता राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

### जुर्माना लगाया

**अलवर।** रेलवे सुरक्षा बल अलवर की थाना प्रभारी नीतू बैरागी ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा रेल अधिनियम के तहत विगत दिनों अनाधिकृत चैन खींचने, रेलवे लाइन पार करने एवं अनाधिकृत वाहन खडा करने पर कार्रवाई कर 103 प्रकरणों को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट जयपुर के समक्ष न्यायालय में पेश किए गए जिस पर अतिरिक्त मुख्य न्यायायिक मजिस्टेऊट द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए 55 हजार 720 रूपये का जुर्माना आरोपित कर दण्डित किया गया है।

# विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे

**पावटा।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बावडी लाडाकाबास में मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश चंद गुप्ता के मुय आतिथ्य में 46 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए, जिससे बालको एवं अभिभावकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड गई।

संस्था प्रधान ओम प्रकाश बुनकर ने बताया कि अक्टूबर माह में नवनियुक्त अध्यापक ओमप्रकाश जाट ने अपने पहले वेतन से विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित कर विद्यालय एवं विद्यार्थी के प्रति अपनी श्रद्धा एवं समर्पण दिखाकर न सिर्फ शिक्षक समाज को गौरवान्वित किया है बल्कि दूसरों को भी प्रेरित किया है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला सभा अध्यक्ष गजानंद टीलावत ने किया। एसएमसी सदस्यों एवं सीबीईओ महेश चंद गुप्ता ने भामाशाह अध्यापक ओमप्रकाश जाट का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया एवं सभी आगंतुकों व विद्यालय स्टाफ का साधुवाद करते हुए नामांकन बढाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि फूसाराम खातोदिया, एसएमसी अध्यक्ष शंकर लाल यादव, कैलाश चंद यादव, अध्यापक भेरूलाल बुनकर, सुनीता कुमारी गुप्ता, सूर्यबाला धारीवाल, सत्यनारायण शर्मा, रेखा यादव, नवीन कुमार रूंडला, रणधीर चौधरी, विष्णु शेखावत एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सात बदमाशों ने लूटपाट की

**दौसा।** जिले के मानपुर थाना इलाके में दो बाइक पर सवार करीब सात बदमाशों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम देकर जमकर उत्पाद मचाया। वहीं पुलिस द्वारा तुरंत तत्परता दिखाते हुए दो बदमाशों सहित उनके पास से एक लोडेड देशी बंदूक वह उनकी बाइक को भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। घटना को लेकर पीडित द्वारा लूटपाट का मुकदमा थाने पर दर्ज कराया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद करीब चार थानों की पुलिस ने इन दो मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों को पकडने के लिए घेराबंदी की तो घेराबंदी को देख पुलिस पकड से बचने के लिए सभी बदमाश मोटरसाइकिल छोडकर खेतों में फरार हो गए। घटना बुधवार रात की है जहा दो बाइकों पर सवार करीब सात बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया।

बीती रात करीब डेढ बजे सीकरी में दो बाइको पर सवार बदमाशों ने एक कार सवार को लूटा, उस वक्त महवा सीओ नाइट गश्त पर थे। सीओ ने मानपुर पुलिस को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद बदमाशों की घेराबंदी शुरू हुई। पुलिस ने उनका पीछा करते हुए एक बदमाश को मौके पर ही दबोच लिया। जबकि अन्य बदमाश बाइक लेकर सिकराय की तरफ फरार हो गए। इस पर बदमाशों को पकडने के लिए चार थानों की पुलिस ने खेतों में घेराबंदी कर सर्च अभियान छेडा की जहा दो बदमाशो को दबोचने के साथ उनके कब्जे से एक लोडेड देशी बंदूक भी बरामद की है।मानपुर थानाधिकारी श्री किशन मीणा ने बताया- बदमाशों ने सिकराय में कालवान रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय के पास युवक से मोबाइल व रुपए की लूट की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। जहां पीडित युवक अशोक मीणा ने बताया कि एक बाइक पर चार व दूसरी पर सवार तीन बदमाश उसका मोबाइल व कैश लूटकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया। सिकराय व सिकंदरा के बीच तलाश करते वक्त कालवान सीकरी के पास एक बाइक पर सवार तीन युवक पुलिस को देख फरार होने लगे। जिनका पीछा करते वक्त बदमाशों की बाइक स्लिप हो गई, जिस पर पुलिस ने एक बदमाश को दबोच लिया वहीं दो अन्य सरसों के खेतों में होकर फरार हो गए। बदमाश गनीपुर गांव में बाइक छोडकर सरसों के खेतों में जा छिपे। जहां पुलिस अलसुबह चार बजे से उनकी तलाश में जुटी रही। पुलिस ने गनीपुर में एक और बदमाश को पकडने में सफलता हासिल की गई। लेकिन अन्य बदमाशों का पता नहीं लग पाया। कडाके की ठंड में पुलिसकर्मी एवं ग्रामीण खेतों में बदमाशों को ढूंढने में लगे रहे।

# 'जनसुनवाई के दौरान अधिकारी परिवादियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें'

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला मुख्यालय के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय एवं वीडियों कॉन्फ्रेंस से जुडे ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में आए परिवादियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है उसका परिवादी को लिखित में जवाब दे। जिला कलेक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक, चारागाह एवं सिवायचक भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के अतिक्रमणों से विवाद पैदा होते है। इसलिए, इन अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएं। साथ ही, अतिक्रमियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करें।

जिला कलेक्टर ने परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। राजस्व विभाग के संबंधित प्रकरणों में तहसील उनियारा के ग्राम बनेठा से आए ग्रामीणों ने बनेठा कस्बे में गोपाल जी के मंदिर के पास रास्ते को अतिक्रमण कर सकडा करने से आमजन को परेशानी को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिला कलेक्टर ने उनियारा के उपखंड अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा को 7 दिन में जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह तहसील निवाई की ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा के ग्रामवासियों ने खंडदेवत रोड पर मंदिर की आड में चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर पक्की चारदीवारी एवं निर्माण को हटाने की गुहार लगाई। जिला कलेक्टर ने निवाई के उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह को प्रकरण में अतिक्रमियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में एडीएम बीसलपुर हरिताभ आदित्य, एएसपी आदर्श चौधरी, सहायक कलेक्टर सरिता मल्होत्रा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके सिंह, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, सीडीईओ पन्नालाल बैरवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के समुचित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पोर्टल की मॉनिटरिंग स्वयं करें तथा दिए गए लक्ष्य को निर्धारित करते हुए सभी योजनाओं में पात्र लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए गंभीरता से कार्य करें।

### मौके पर मिला योजनाओं का लाभ

**अलवर।** केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में आमजन को लाभांवित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत लगाए जा रहे कैम्पों में जिलेवासी बढचढ कर भाग ले रहे हैं। कैम्पों में आमजन का केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर मौके पर ही पंजीयन किया जा रहा है। निगम निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर ने बुध विहार सामुदायिक भवन में आयोजित कैम्प में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर स्वागत किया। उसके उपरान्त वीर सावरकर नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाए गए कैम्प का नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर, अशोक गुप्ता, पार्षद अशोक पाठक और सुनील चौधरी ने उद्घाटन संकल्प यात्रा वाहन का स्वागत किया और सभी उपस्थित लोगों को विकसित भारत करने की शपथ दिलाई।

# राम मंदिर समारोह मनाने पर चर्चा

**पावटा।** आपणों विराटनगर के तहत एक पहल मुस्कुराता विराटनगर की बैठक कस्बे के नारी उत्थान संस्थान स्नेहालय में आयोजित की गई। जिसमें विराटनगर कस्बे एवं आसपास के सेवानिवृत्ति अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुय वक्ता के रूप में जनसंघ फाउंडेशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पवन शर्मा जवानपुरा, स्नेहालय की निदेशक उमा रत्नू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुन्नालाल मधुर वरिष्ठ नेता अमरनाथ यादव मनमोहन शर्मा, भागीरथ शर्मा बाबूजी सहित अनेक लोगों ने बैठक को संबोधित किया। इस दौरान अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर समारोह, विराटनगर कस्बे में प्राचीन पर्यटन स्थल की देखरेख, भगवान राम के जीवन चरित्र को युवा पीढी को बताने सहित विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। पवन शर्मा ने कहा देश के संसाधन सीमित है भविष्य की चुनौतियों को लेकर हम सबको समय रहते उचित कदम उठाने चाहिए ताकि आने वाली पीढियां सुरक्षित रह सके। उमा रत्नू ने कहा विराटनगर में पर्यटन की अनेक संभावनाएं हैं इसके लिए हम सबको मिलकर विराटनगर के विकास के लिए एकजुटता से काम करना चाहिए। अमरनाथ यादव ने कहा विराटनगर अपना परिवार है युवा पीढी को संस्कारवान बनाना समस्त वरिष्ठ नागरिकों की जिमेदारी है। इस दौरान मुन्नालाल माधुर ने भगवान राम के अनेक प्रसंग बताते हुए जल, जीवन और पर्यावरण को बचाने के लिए भगवान राम का चरित्र जीवन में धारण करने का आव्हान किया।


**PUBLIC NOTICE** Allotment Information of EWS/ LIG Flats under CMJAY-1A 2015 in Group Housing Scheme "Platinum Greens Opulence "RERA No. (RAJ/P/2023/2875) Map approval Letter No. JDA/ACTP/BPC (BP)/2023/D-1112 Dt: 04/10/2023 situated at Khasra No. 314,336,337,338 Village Jaitpura urf Hajiyawala, Tehsil Sanganer, Jaipur through lottery is as under:-

| TYPE OF FLATS | LIG | EWS |
|---|---|---|
| NO. OF UNITS | 26 | 27 |
| Buildup Area (in Sqft.) | 354- 422 Sqft. | 310- 315 Sqft. |

Allotment Rate: As per the CMJAY-1A 2015 Rules | Last date for Application: 10-01-2024
Release of Final List of Applicants: 15-01-2024 | Date, Time and Place of Lottery: 17-01-2024 (11:00 AM) at Site Office Address: Platinum Greens Opulence, Near Parshvnath City, Iskon Temple Road Mansarovar Extention, Jaipur (Raj.) Developer:
**For more information please contact on above address: Platinum Realty Builders**


### रामविलास मीणा को डॉ. किरोड़ी ने शपथ दिलाई

**रामगढ़ पचवारा।** विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा के लिए बुधवार को विधानसभा के दौरान शपथ लेने का संयोग भी कुछ अजीबो गरीब ही रहा।

विधानसभा के प्रथम सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ था जिसमें गुरु व चेले के शपथ लेने एवं दिलाने का अजीब संयोग दिखाई दिया।

लालसोट से नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा को राजनीतिक सीढ़ियां चढने का एवं विधायक तक का सफर करने का श्रेय डॉ किरोडी लाल मीणा को जाता है। लालसोट विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सामाजिक विभिन्न गतिविधियों में सफलतम पार्टिसिपेट करने के लिए नवनिर्वाचित विधायक रामबिलास मीणा को राजनीतिक गुरु सवाई माधोपुर विधायक डॉ किरोडी लाल मीणा का अहम योगदान है।

सवाई माधोपुर विधायक डॉक्टर किरोडी लाल मीणा के सानिध्य में ही लालसोट से रामविलास मीणा की राजनीतिक नीव लगाई गई थी। वहीं बुधवार को विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधानसभा सभापति की कुर्सी पर संयोगवश लालसोट विधायक रामबिलास मीणा राजनीतिक गुरु डॉ किरोडी लाल मीणा आसीन थे।

# ड्रोन से फसल में युरिया छिड़काव

**मालपुरा (निस)** केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा देश के किसान व युवाओं को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य को लेकर देशभर मे निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ बुधवार को लावा व धोली पहुंचा।

दोनो ग्राम पंचायत मुख्यालयो पर शिविर आयोजित कर आमजन को केन्द्र सरकार की योजनाओं से अवगत करवाने के साथ-साथ पात्र लोगो को लाभान्वित किये जाने के लिए पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियो ने धोली पंचायत मे ड्रॉन से गैंहु की फसल मे नैनो युरिया छिडकाव का प्रदर्शन करते हुए ड्रॉन तकनिक से खेती के उत्पादन मे वृद्धि का किसानो को डैमो दिखाऐ। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक के के मंगल ने बताया कि ड्रॉन तकनिक से कम लागत व कम समय मे अधिक क्षेत्रफल मे समान रूप से युरिया का छिडकाव करना किसानो के लिए वरदान साबित होगा। साथ ही नवीन तकनिक से कम लागत मे किसान अधिक उपज ले सकेगें। के के मंगल ने बताया कि किसी भी फसल मे अचानक बिमारी का प्रकोप बढ जाने पर तत्काल दवा का स्प्रे करना किसान के लिए चुनौती होती है। ड्रॉन तकनिक से किसान फसल की बिमारी से तत्काल निजात पा सकेगा तथा फसल को बर्बाद होने से समय रहते बचा लेगा।

उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार सामोता ने उद्यान विभाग की सौर ऊर्जा, पॉली हाऊस, प्याज भंडारण व बगीचा स्थापन पर विस्तार से जानकारी दी। प्रधान सकराम चौपडा, डीआर छोगालाल गुर्जर ने कृषि विभाग की इस नवीन तकनिक को किसानो के लिए वरदान बताते हुए विभाग के अधिकारियो से मांग की कि ड्रॉन तकनिक की उपलब्धता प्रत्येक सहकारी समिति पर उपलब्ध करवाये जाये जिससे कि जरूरत मंद किसान को तत्काल इस तकनिक का लाभ मिल सके। शिविर मे डैमो के दौरान विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, कृषि पर्यवेक्षक शिवपाल त्रिपाठी, धर्मराज जाट,मेघा मीणा,जगदीश गुर्जर, सहित बडी संख्या मे कृषक मौजूद रहे।


संकल्प यात्रा के दौरान प्रधान सकराम चौपडा की उपस्थिति में कृषि अधिकारियों ने ड्रोन से फसल में स्प्रे किया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 48861831 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. गोवर्धन लटाला 2. सजना देवी | 25.11.2023 | 4,58,513.09/- | सम्पत्ति पट्ठा नं.39, ग्राम कुशलपुरा, ग्राम पंचायत-श्यामपुरा पंचायत समिति-आमेर, तहसील-आमेर, जिला-जयपुर राजस्थान-303104 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज, और सीमायें है- पूर्व-आम चौक, पश्चिम-मंगलचंद पुत्र चांदराम की बाडी, उत्तर-भगवान पुत्र लादूराम की खातेदारी, दक्षिण-राजू पत्नी श्री फूलचन्द, टीना पत्नी जयपाल का मकान |
| 2 | 38470140 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. राजेन्द्र कुमार जाट 2. हीरा देवी | 18.11.2023 | 6,82,646.90/- | सम्पत्ति पट्ठा नं.05 दिनांक 11.07.2017, क्षेत्रफल 300 वर्गगज, ग्राम बुरानपुरा, ग्राम पंचायत-बुरानपुरा, तहसील-जमवारामगढ, जिला-जयपुर, राजस्थान-303002 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रास्ता, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-स्वयं की भूमि, दक्षिण-स्वयं का कुआं |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 22.12.2023
स्थान- जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)